# सिरपुर झील

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **राष्ट्रीय हरित अधिकरण** के आदेश पर, **इंदौर नगर निगम** की एक टीम ने **सिरपुर झील** के जलग्रहण क्षेत्र से **अतिक्रमण** और दुकानें हटायीं।

- **7 जनवरी, 2022** को **रामसर अभिसमय** के तहत इसे **रामसर स्थल** नामित किया गया।

## प्रमुख बिंदु

- **सिरपुर आर्द्रभूमि के बारे में:**
  - यह एक **मानव निर्मित आर्द्रभूमि** है, जिसे प्रायः **पक्षी विहार (पक्षी अभयारण्य)** कहा जाता है। यह **मध्य प्रदेश के इंदौर ज़िले** में स्थित है।
  - यह 130 वर्ष से अधिक पुराना है, जिसे **महाराजा शिवाजी राव होलकर** ने इंदौर शहर के लिये जलापूर्ति हेतु बनवाया था।
  - यह एक **उथली, क्षारीय, पोषक तत्त्वों से भरपूर झील है** जिसमें **मानसून** के दौरान बाढ़ आ जाती है।
- **जैवविविधता:**
  - यहाँ लगभग **175 स्थलीय पौधों की प्रजातियाँ** और छह प्रकार के मैक्रोफाइट्स पाए जाते हैं।
  - **30 मछली प्रजातियों** (प्राकृतिक और संवर्धित), और **सरीसृप एवं उभयचर** की आठ प्रजातियों का समर्थन करता है।
  - यहाँ **130 पक्षी प्रजातियाँ निवास** करती हैं, जिनमें स्थानीय और प्रवासी पक्षी शामिल हैं, जैसे **कॉमन पोचर्ड (??????? ????????), मिस्र के गिद्ध (?????????? ???????????????), इंडियन रिवर टर्न (????????? ??????????)**।
  - **सर्दियों में यह जलीय पक्षियों के एक बड़े समूह को आकर्षित** करता है, जिससे यह एक महत्त्वपूर्ण **मौसमी आवास** बन जाता है।
- **स्थानीय समुदायों को लाभ:**
  - मत्स्य पालन और **औषधीय पौधे** उपलब्ध कराता है।
  - **बाढ़ अवरोधक** के रूप में कार्य करता है और स्थानीय सूक्ष्म जलवायु को विनियमित करने में मदद करता है।
  - आध्यात्मिक समृद्धि, मनोरंजन और शैक्षिक गतिविधियों के अवसर प्रदान करता है।
- **संरक्षण की स्थिति:**
  - इस स्थल के पास वर्तमान में **कोई औपचारिक प्रबंधन योजना नहीं है** तथा इसे राष्ट्रीय कानूनी संरक्षण का दर्जा भी प्राप्त नहीं है।

//

# रामसर अभिसमय (RAMSAR CONVENTION)

## परिचयः

- इसे आर्द्रभूमियों पर अभिसमय के रूप में भी जाना जाता है।
- यह एक अंतर-सरकारी संधि है जिसे वर्ष **1971** में रामसर, ईरान में अपनाया गया।
- वर्ष **1975** में इसे लागू किया गया।
- ऐसी आर्द्रभूमियों को रामसर स्थल घोषित किया जाता है जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर महत्त्व रखती हों।
- **विश्व का सबसे बड़ा रामसर स्थलः** पैंटानल, दक्षिण अमेरिका।

## मोंट्रेक्स रिकॉर्डः

- वर्ष **1990** में मोंट्रेक्स (स्विटजरलैंड) में इसे अपनाया गया।
- यह उन रामसर स्थलों की पहचान करता है जिनके संरक्षण हेतु राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्राथमिकता के साथ ध्यान देने की आवश्यकता है।

## आर्द्रभूमियाँः

- आर्द्रभूमि एक ऐसा स्थान है जहाँ भूमि मौसमी अथवा स्थायी रूप से जल (खारा या मीठा/ताजा अथवा इन दोनों के बीच की स्थिति) से ढकी होती है।
- यह नदियों, दलदल, मैंग्रोव, कीचड़ युक्त भूमि, तालाबों, जलमग्न स्थान, बिलबोंग (नदी की वह शाखा जो आगे चलकर समाप्त हो गई हो), लैगून, झीलों और बाढ़ के मैदानों सहित विभिन्न रूपों में हो सकती है।
- **विश्व आर्द्रभूमि दिवसः 2** फरवरी

## भारत और रामसर अभिसमयः

- भारत में रामसर अभिसमय वर्ष **1982** में लागू हुआ।
- **रामसर स्थलों की कुल संख्याः 75**
- चिल्का झील (ओडिशा), केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (राजस्थान), हरिके झील (पंजाब), लोकटक झील (मणिपुर), वुलर झील (जम्मू और कश्मीर) आदि।
- **भारत में संबंधित फ्रेमवर्क**
  - आर्द्रभूमियों के संरक्षण तथा प्रबंधन हेतु पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, **1986** के प्रावधानों के तहत 'आद्रभूमि (संरक्षण और प्रबंधन) अधिनियम, **2017**' को अधिसूचित किया है।
  - ये नियम आर्द्रभूमियों के प्रबंधन को विकेंद्रीकृत करते हैं तथा राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण या केंद्रशासित प्रदेश आर्द्रभूमि प्राधिकरण के गठन का प्रावधान करते हैं।

## प्रमुख तथ्य

- **भारत में सबसे बड़ा रामसर स्थलः** सुंदरबन, पश्चिम बंगाल
- **भारत में सबसे छोटा रामसर स्थलः** वेम्बन्नूर आर्द्रभूमि कॉम्प्लेक्स, तमिलनाडु
- **सर्वाधिक रामसर स्थल वाला राज्यः** तमिलनाडु (14)
- **मोंट्रेक्स रिकॉर्ड में शामिल आर्द्रभूमियाँः**
  - केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, राजस्थान
  - लोकटक झील, मणिपुर

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sirpur-lake-1